# भोपाल हेडलाइंस


RNI: MPHIN/2023/88510






संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शनिवार 05 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## विशाल कलश यात्रा के साथ में दो दिवसीय कार्यक्रम शुभारंभ





संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल प्राचीन भोपाल के मुख्य मार्ग हमीदिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक माँ दुर्गा मंदिर पर ÷शिखर कलशारोहण समारोह शुक्रवार एवं शनिवार को होगा । आयोजक दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष राजा भैया, सचिव राजेन्द्र सैनी, कोषाध्यक्ष बृजेश तिवारी, सदस्य श्री देवेन्द्र के अनुसार समारोह का आयोजन सर्वश्री पूरन चौरसिया, विष्णु राठौर, शैलेन्द्र कपूर, बबलू शर्मा, धमेन्द्र चौरसिया के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। मुख्य पुजारी पं. अशोक तिवारी व अन्य पूजन करायेंगे ।

**कलश यात्रा शुक्रवार को**

शुक्रवार 04 अप्रैल 25 को ÷कलश यात्रा÷ दुर्गा मंदिर सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर शीतला माता मंदिर काली मंदिर पुट्ठामील से हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर पहुँची ।

**शनिवार को शिखर कलशारोहण, कन्याभोज, भंडारा**


शनिवार 05 अप्रैल 25 को विधि-विधान से प्रातः 09 बजे हवन, दोपहर 01 बजे कलशारोहण तथा दोपहर 02 बजे कन्याभोज के बाद विशाल भंडारा प्रारंभ होगा। सभी भक्तगणों से पूरन चौरसिया एवं कमल सेजवार ने सभी से निवेदन किया कि अधिक संख्या में पधारकर धर्म का लाभ ले

## अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज तृतीय सामूहिक वाल्मीकि विवाह सम्मेलन माचलपुर, जीरापुर ,खिलचीपुर ,छापीहेड़ा एवं ग्रामीण क्षेत्र द्वारा आयोजित

## अंतिम चरण में चल रही वाल्मीकि समाज सामाजिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन वाल्मीकि समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 अप्रैल 2025 को माचलपुर में होना है। सम्मेलन को लेकर कई बैठक आयोजित की गई और अंतिम चरण की रूपरेखा के लिए आज दिनांक को बैठक रखी गई । 6 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की अंतिम चरण की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई जिसमें जी सम्मेलन अध्यक्ष राजेश मकवाना ,पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष बाबूलाल कलोसिया ,पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष रामप्रसाद झावा , उपाध्यक्ष राजू झावा ,बृजेश वाल्मीकि ,ओमप्रकाश धौलपुरिया, हीरालाल मकवाना, अरुण भैरवे, अरुण झावा, रामचरण मकवाना ,जगदीश मकवाना, सुरेश मकवाना, दिलीप कलोसिया, दीपक भैरवे ,बंटी पवार , कमल मकवाना ,दिनेश मकवाना ,कालूराम मकवाना, सुरेश धौलपुरिया, राजकुमार मकवाना,हेमराज मकवाना आचार्य मुंशी राम जी महाराज



इकलेरा , दुलीचंद जी मकवाना,अतुल सरसिया , सूरज जी कालोसिया , श्याम खटक, गौतम मकवाना, कुणाल मकवाना,अनिल मकवाना, कैलाश मकवाना ,पप्पू मकवाना, राकेश मकवाना, एवं अन्य कार्यकर्ता एवं वाल्मीकि समाज के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 'पक्षी है प्रकृति का अनमोल खजाना, इन्हें सुरक्षित रखना है फ़र्ज़ हमारा'



संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय कैंपस एम्बेसडर बीरबल परमार द्वारा अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया गया, इस तपती गर्मी के मौसम में प्यासे पक्षियों के पानी एवं दाने हेतु सकोरा अभियान चलाया गया, इस अभियान में बीरबल परमार एवं सभी साथियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी हेतु मिट्टी के सकोरे लगाएं गए, एवं इन्हें सुचारू रूप से बनाए रखने का प्रण लिया गया, इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ सुलभा अमलाथे, डॉ प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ प्रवीण सिंह, डॉ रोहित राजवैद्य, डॉ दिवाकर चौधरी, साथी पिंटू परमार, राहुल सिसोदिया, अभिषेक अहिरवार, पीयूष, सूरज मिश्रा, अक्षय एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

## बुधनी में बक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मस्जिद के सामने मूक विरोध..जब तक बिल निरस्त नहीं होगा, हर दिन काला दिवस मानेगे- इमाम मौलाना अविद, शहर काजी



भोपाल हैडलाइन छत्रपाल सिंह चौहान

बुधनी- लोकसभा में बक्फ बोर्ड बिल पास होने के बाद बुधनी के मुस्लिम समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बुधनी शहर काजी एवं इमाम मौलाना आविद के नेतृत्व में सैकड़ों मुस्लिम युवक मस्जिद के बाहर काली पट्टी बांधकर मूक विरोध में जुटे। उन्होंने बुधनी की जामा मस्जिद के अंदर दोपहर की नवाज अदा की और इस बिल के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई।मस्जिद के प्रमुख मौलाना आविद ने कहा, ÷हम लोकसभा में पास हुए इस बिल का विरोध करते हैं। जब तक यह बिल पूरी तरह से निरस्त नहीं किया जाता, हम हर दिन को काले दिवस के रूप में मनाएंगे। हमारे वरिष्ठ मुस्लिम नेताओं के दिशा-निर्देश के अनुसार हम आगे भी विरोध करते रहेंगे। यदि इस बिल को शीघ्र समाप्त नहीं किया गया तो हम अपने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में अगला कदम उठाएंगे। यह विरोध शांतिपूर्ण तरीके से किया गया, जिसमें सभी ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई। मौलाना आबिद इमाम जामा मस्जिद बुधनी

## सीताराम रामनगर माँ खेड़ा पति मंदिर बन आस्था का केंन्द्र

ओबेदुल्लागंज रिपोर्टर बजरग तवर की खबर

इन दिनों माँ खेड़ा पति मंदिर आस्था केंन्द् बना हुआ वेसे तो भगत लोग हर दिन यहा भगति मे डूबे नजर आते है जब बात करे नव रात्रि की तो मानो जैसे ऊपर पुरा शहर माँ खेड़ापति मे समा गया हो मान्यता है की इन दिनों जो भी भगत सच्चे मन् से जो मांगता है माँ उसकी मनोकामना पूर्ण करती है माँ का यह स्थान नगर काफी प्राचीन मना जाता है यह माँ भोले नाथ गणेश वह हनुमान जी एवं कई देवताओं के साथ वास करती है नव रात्रि मे प्रातः काल सुबह चार बजे से भगतो का ताता लग जाता है और रात की संध्या आरती तक यह दर्शन कर सकते हो पुलिस प्रशासन की निगरानी मे यह भगत नियमो का पालन करते हुए सालो से यहा दर्शन का आंनद ले रहे है इस मंदिर से नगर को कोई भी भगत अछूता नहीं यहा सालो से चल रही इस परम्परा को वह् खुभी हीरानियाँ वासी पार्षद श्री रामेश्वर नागर निभा रहे है इन दिनों जब शुभ की भोर मे वहा कोई दर्शन करता है तो मानो उसको सब मिल गया हो वहा सुबह दर्श खुली हवा बाजु मे बड़ा तलाब खेतो की फसलों की सुगंद मानो मन् को मोह लेती है यह बड़ा छोटा कोई बिना भेद भाव् के माँ के दर्शन कर के मुरादे मांगी मांगते है



## नवरात्रि में निशुल्क फलाहार वितरण किया



भोपाल श्री कृष्णा सेवा संकल्प कल्याण समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में कंकाली मंदिर, मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं को फलाहार वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीपाली पाण्डेय, सचिव रजनी हलधर एवं सभी गणमान्य पदाधिकारी, सदस्यगण समलित हुए। यह समिति विगत कई वर्षों से स्वयं से सामाजिक एवं धार्मिक कार्य निरंतर कर रही हैं।

### फेडरेशन की त्रैमासिक बैठक कटनी में होगी

फेडरेशन ऑफ़ एमपी टेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि आगामी 10 अप्रैल को फेडरेशन की एक दिवसीय त्रैमासिक बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में कटनी में होगी। फेडरेशन के महासचिव( संगठन) राजेश हार्डिया ने बताया कि फेडरेशन की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण एवं त्रिमासिक बैठक इस बार कटनी शहर में आयोजित की जा रही है। कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि इस बैठक में ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्टीय अध्यक्ष रवि जिंदल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव एवं राष्टीय कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन उपस्थित रहेंगे। महासचिव( प्रशासनिक) गुड्डा अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारी बंधु इस बैठक में उपस्थित रहेंगे त्रैमासिक बैठक कटनी टेंट लाइट एसोसिएशन के आतिथ्य में सम्पन्न होगी।

## सलकनपुर में खुशियों की खबरः निजी वाहनों को पहाड़ पर जाने की मिली अनुमति



भोपाल हैडलाइन छत्रपाल सिंह चौहान

बुधनी- सलकनपुर धाम में अब श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। प्रशासन ने सभी निजी वाहनों को पहाड़ पर ऊपर जाने की अनुमति दे दी है...., जिससे भक्त अब अपने निजी वाहनों से आसानी से मां के दर्शन कर सकते हैं। यह फैसला स्थानीय व्यापारियों की लंबी मांग के बाद लिया गया है। सलकनपुर व्यापारी समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध दुबे और अरविंद मालवीय ने प्रशासन के इस निर्णय की सराहना की है।अब श्रद्धालुओं को टैक्सी की उच्च कीमतों का सामना नहीं करना पड़ेगा, और स्थानीय दुकानदारों को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही, निशुल्क पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है, जिससे भक्तों के चेहरे पर खुशी की झिलमिलाहट है। यह निर्णय सलकनपुर में धार्मिक और आर्थिक दोनों रूपों में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है।

## जन्मदिन धूमधाम से मनाया



भोपाल हेडलाइन जिला न्यायालय में दिनांक 04.04.2025 को वरिष्ठ अधिवक्ता व एम.पी. वक़्फ़ ट्रिब्यूनल बार के अध्यक्ष एवं लेबर बार के पूर्व सचिव श्री हाशिम अली जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया जिसमें मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता श्री तुलसीराम पटेल , सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव, सह सचिव श्री सोनल नायक, पूर्व अध्यक्ष श्री पीसी कोठारी, पूर्व सचिव श्री हिमांचल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्तागण श्री हरीश मेहता, श्री ओ पी पाराशर, श्री रजनीश बरैया, श्री संतोष शर्मा, श्री रवि गोयल, श्री प्रियनाथ पाठक, श्री मिठवानी, श्री मनीष द्विवेदी, श्री सुरेश मालवीय, श्री उमेश द्विवेदी, श्री खालिद ख़ान, श्री रोहित श्रोति, सुश्री कामिनी, सुश्री हिना कोसर, सुश्री शीबा व अन्य एडवोकेट भी उपस्थित थे। बार के सदस्यों ने श्री अली के व्यक्तित्व को सराहते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## एआईबीईयू कार्यालय पर हुआ बैठक का आयोजन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान,मजदूर दिवस पर एक शाम भेल श्रमिको के नाम के आयोजन एवं सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा



भोपाल हेडलाइन ऑल इंडिया बीएचईएल एम्पलाइज यूनियन संबद्ध निफ्टू कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 1 अप्रैल को यूनियन द्वारा जारी किए गए पोस्टर जिसमें दी गई कर्मचारियों की विभिन्न मांगो के संबंध में चर्चा की गई एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने प्रबंधन को आश्वाशन दिया था कि 31 मार्च तक हम कोई आंदोलन नहीं करेंगे अब चूंकि प्रोडक्शन का समय समाप्त हो चुका है और बी एच ई एल भोपाल के मेहनतकश कर्मियों ने दिए गए टारगेट को पूरा किया है तो हम आशा करते है कि जल्द से जल्द प्रबंधन कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ ध्यान दे नहीं तो यूनियन को आंदोलन की तरफ अग्रसर होना पड़ेगा। यूनियन के मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बताया की कर्मचारियों की विभिन्न मांगो पर चर्चा के साथ साथ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सदस्यता अभियान चलाने एवं मजदूर दिवस पर होने वाले कार्यक्रम एक शाम भेल श्रमिकों के नाम की रूपरेखा तैयार की गई एवं इस वर्ष भी करने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में यूनियन के पदाधिकारी, विभिन्न कमेटियों के सदस्य,शॉप कौंसिल के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## ठाकुर अरविंद सिंह को बुरहानपुर जिले का संयोजक बनाया

भोपाल हेडलाइन

बुरहानपुर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा बुरहानपुर के सक्रिय, कर्मठ, कर्मचारी हित में कार्य करने वाले पूर्व उपाध्यक्ष लिपिक वर्गी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रहे ठाकुर अरविंद सिंह को बुरहानपुर जिले का संयोजक बनाया गया इस अवसर पर प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में स्वागत समारोह रखा गया जिसमें शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे ,शिक्षक संघ के कैलाश भोलनकार, मंडी कर्मचारी महासंघ के मनीष गंगराड़े, सदानंद भाई शेख मोहम्मद द्वारा पुष्पहार पहनकर बुरहानपुर की प्रसिद्ध मावा जलेबी खिलाकर स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र





चौकसे जी के जन्मदिन पर भी उनका कुछ पहाड़ एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया दोनों को बधाई प्रेषित करते हुए संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष ठाकुर संजय सिंह गहलोत, संयोजक डॉक्टर अशफाक खान, नेशनल मूवमेंट के जिला अध्यक्ष अनिल वाइस कर, संयोजक ब्रिजेश राठौर, महासचिव अनिल सातों, सचिव नईम रहमान, राजेश साल्वे, ठाकुर हेमंत सिंह, राजेश पाटील ,सतीश दामोदर ,भानु दास भाई योगेश सहकारी, हीरालाल प्रजापति एवं अन्य सभी कर्मचारी संगठन द्वारा बधाई प्रेषित कर हार्दिक अभिनंदन किया